Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द

# डीएम ने पोलिंग पार्टियों की रवानगी व अन्य व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**निर्देश**

## निरीक्षण कर सम्बन्धित रिटर्निंग अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**संवाददाता**

देहरादून। जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी डॉ, आर राजेश कुमार एवं डीआईजी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जन्मजेय खण्डूरी ने विधानसभा सामान्य निर्वाचन को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने हेतु महाराणा प्रताप स्पोर्टस कालेज रायपुर से विधानसभावार मतदेय स्थलों के लिए रवाना हो रहीं पोलिंग पार्टियों की रवानगी, टीमों को सामग्री वितरण एवं अन्य विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर सम्बन्धित रिटर्निंग अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी डॉ. आर राजेश कुमार ने बताया कि जनपद चकराता विधानसभा क्षेत्र हेतु कल 121 पोलिंग पार्टियां रवाना की गई हैं तथा आज समस्त विधानसभाओं की पोलिंग पार्टियां रवाना की जा रही है। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद में 23 आदर्श बूथ एवं 18 सखी बूथ हैं। जनपद में कुल मतदान बूथ की संख्या 1886 है, जिनमें से 943 बूथ पर वेबकास्टिंग की जा रही है तथा विभिन्न बूथों पर दिव्यांग मतदाताओ के लिए सुविधा व्हीलचौयर, वैसाखी आदि सुविधा मुहैया करवाई जा रही है। मतदेय स्थलों पर कोविड सुरक्षा के दृष्टिगत सैनिटाइजेशन करवाया गया है तथा पोलिंग पार्टियों को मास्क सैनिटाइजर, गलब्स आदि सामग्री के साथ रवाना किया जा रहा है। जनपद में पुलिस द्वारा चिन्हित किए गए वनरेबल/क्रिटिकल बूथों पर अर्द्धसैनिक बल एवं पीएससी के जवान तैनात किये गए हैं। इसी प्रकार अन्य बूथों पर पुलिस होमगार्ड/पीआरडी के वर्दीधारी जवान तैनात किए गए है। जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी ने जनपद वासियों से निर्भिक होकर अपना मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की है।

डीआईजी/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जन्मजेय खण्डूरी ने बताया कि जनपद में निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक मतदान कराने हेतु पुलिस की सभी तैयारियां पूरी है जनपद को 21 कम्पनी अर्द्धसैनिक बल, 5 कम्पनी पीएससी तथा 5 हजार पुलिस, होमगार्ड एवं पीआरडी के जवान उपलब्ध है। जनपद को सुरक्षा के दृष्टिगत 6 सुपर जोन, 39 जोन तथा 217 सेक्टर में बांटा गया है तथा 21 क्यूआरटी थानों के अन्तर्गत तैनात की गई है। सुपर जोन एएसपी, जोन में इंस्पैक्टर तथा सेक्टर में सबइंस्पैक्टर रैंक के अधिकारी को लगाया गया है। उन्होंने बताया कि जनपद में 197 वनरेबल तथा 20 क्रिटिकल पोलिंग बूथ चिन्हित किए गए है, जिनमें अर्द्धसैनिक बल एवं पीएससी के जवानों को तैनात किया गया है।

## न्यूज डायरी

### आर्येन्द्र को पार पाना भाजपा के लिए मुश्किल

**संवाददाता** देहरादून। धुँआधार प्रचार के बाद उत्तराखंड राज्य में आज मतदान होना है। प्रत्याशियों के दिलों की धड़कन बढ़ रही है और मतदाता शांत है। प्रचार के अंतिम चरणों में भाजपा ने इस सीट पर लगभग सभी स्टार प्रचारकों को लगाया, परंतु यह सभी स्टार प्रचारक क्षेत्र की समस्याओं को कम हरीश रावत पर आरोप लगाते ज्यादा नज़र आए। पूरे चुनावी प्रचार के दौरान भाजपा का कोई भी बड़ा नेता सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुचाने में सफल होता नज़र नही आया। कांग्रेस प्रत्याशी आर्येन्द्र शर्मा सहसपुर सीट पर अकेले ही अपना प्रचार करते नजर आए, उन्होंने कभी भी चुनाव प्रचार के दौरान सत्तारुढ़ भाजपा पर सीधे-सीधे कोई आरोप नही लगाए बल्कि वह क्षेत्र की समस्याओं, बेरोजगारी, महँगाई, पलायन, उद्योगों में उन्नति, किसानों की समस्या व अन्य मूलभूत मुद्दों पर ही फोकस करते रहे।

### पेट्रोल पंप पर कार्य कर रहं चार कर्मचारी अचानक करंट की चपेट में आए

**संवाददाता** हल्द्वानी। मेडिकल चौकी क्षेत्र स्थित एक पेट्रोल पंप पर बिजली का काम कर रहे चार कर्मचारी अचानक करंट की चपेट में आ गए। जिससे वह बुरी तरह से झुलस गए। आनन-फानन में आसपास के लोगों ने चारों घायलों को सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान एक कर्मचारी ने दम तोड़ दिया। तीन घायलों को बरेली रेफर कर दिया है। मेडिकल पुलिस चौकी इंचार्ज अनिल आर्य ने बताया कि हसनपुर बाबूनगर बरेली निवासी 21 वर्षीय जोगेंद्र पाल पुत्र धर्मवीर व अंकित, इमरान, महेंद्र बरेली रोड पर कमला सर्विस स्टेशन पेट्रोल पंप पर काम करते हैं। शनिवार की शाम चारों कर्मचारी पेट्रोल पंप में बिजली का काम कर रहे थे।

### इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस का इंडिया डेटा पोर्टल 'नाइटलाइट डेटा' होस्ट करता

**संवाददाता** देहरादून। इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी) में भारती इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक पॉलिसी (बीआईपीपी) के इंडिया डेटा पोर्टल (आईडीपी) ने आज विधानसभा क्षेत्र में उपलब्ध उत्तराखंड के लिए नाइट लाइट्स डेटा जारी किया। 2015 से 2019 तक का स्तर रात की रोशनी बहुत उच्च स्तर की स्थानिक ग्रैन्युलैरिटी के साथ जीडीपी के लिए एक उचित संकेतक बन गई है। जारी किया गया डेटा 2015-2019 को कवर करते हुए पिछले 5 वर्षों में आर्थिक गतिविधियों की तुलना को दर्शाता है। उत्तराखंड विधानसभा चुनाव जल्द ही होने वाले हैं, डेटा न केवल समग्र विकास का विश्लेषण करने में मदद करेगा, बल्कि आर्थिक विकास की भूमिका का भी विश्लेषण करेगा, जबकि लोग मतदान में चुनाव करते हैं।

## उक्रांद प्रत्याशी मोहित डिमरी पर जानलेवा हमला, अज्ञात के खिलाफ दी तहरीर

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। विधानसभा चुनाव में रुद्रप्रयाग विस सीट से उक्रांद के प्रत्याशी मोहित डिमरी पर मोटरसाइकिल में सवार अज्ञात हमलावरों ने जानलेवा हमला किया। डिमरी के सिर व दाएं हाथ पर गहरी चोंटे आई हैं। उन्होंने कोतवाली में अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दिया है। प्रत्याशी की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा कर्मी उपलब्ध करा दिया है।

शनिवार देर शाम को प्रचार से लौटने के बाद उत्तराखंड क्रांतिदल के प्रत्याशी मोहित डिमरी ने कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी कार्यालय में बैठक की। उन्होंने मतदान दिवस पर पोलिंग बूथों पर व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की। यहां से लगभग 10 बजे रात्रि वह जवाड़ी बाईपास के रास्ते अपने घर तिलवाड़ा सुमाड़ी के लिए रवाना हुए। वाहन में देवेंद्र और मुकेश भी था। वह बाईपास पर उत्तर्सू संपर्क मोटर मार्ग के समीप पहुंचे। तभी दो मोटरसाइकिल पर सवार चार लोगों ने उनके वाहन को रोका और डंडे व पत्थर से हमला बोल दिया, जिससे वाहन के दो तरफा शीशे भी क्षतिग्रस्त हो गए। जबकि डिमरी बुरी तरह से जख्मी हो गए, उनके सिर व हाथ पर काफी चोट आई है। जबकि अन्य सवार के माथे पर चोट लगी है। अंधेरा होने से हेलमेट पहने हमलावर कुछ ही देर में मौके पर फरार हो गए, जिससे उनकी पहचान नहीं हो पाई। सूचना पर पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे।



## महिला गंगा आरती में पूर्णानंद घाट में महिलाओं को किया सम्मानित

**संवाददाता** ऋषिकेश। ऋषिकेश गंगा आरती ट्रस्ट, पूर्णानंद घाट में महिलाओं द्वारा की जा रही गंगा आरती में महिलाओं द्वारा राष्ट्रीय महिला दिवस पर गंगा के पावन तट पूर्णानंद घाट पर महिलाओं के समान अवसर, नेतृत्व,सुखद समन्वय एवं उत्तम स्वास्थ्य की प्रार्थना की गई। महिलाओं का उत्साहवर्धन करने व उनमें छुपी प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए गंगा आरती की गई। शांति सिंह ने महिलाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आज किसी भी क्षेत्र में महिलायें पुरुषों से कम नहीं हैं। उन्होंने महिलायें को अपनी क्षमताओं को समझने, अपने सपनों को बुनने और जीवन में आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी। शान्ति सिहं कहा कि जब हम औरतें आज़ादी की बात करते हैं तो उससे हमारा मतलब सिर्फ स्वयं के लिए सोचने के लिए आजादी से होता है।

## हरिद्वार ग्रामीण सीट पर भाजपा मुश्किल में, क्षेत्र की बेटी बन गयी अनुपमा

**संवाददाता** हरिद्वार। उत्तराखंड राज्य में आज होने वाले मतदान में मतदाता यह तय करेगा कि राज्य में इस बार कांग्रेस की सरकार बनेगी या भाजपा पुनः सत्ता पर काबिज होगी। लेकिन जनता इस समय शायद बदलाव चाहती है वह मौन है। अगर हम हरिद्वार जनपद की ग्रामीण विधानसभा सीट की बात करें तो इस सीट पर कांग्रेस का पलड़ा भारी दिखाई दे रहा है क्योंकि इसका मुख्य कारण यह भी हो सकता है कि इस सीट पर क्षेत्र की जनता ने पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत को हरा दिया था जनता में इसका पश्चाताप साफ दिखाई दे रहा है। कांग्रेस ने इस बार हरीश रावत की पुत्री अनुपमा रावत को अपना प्रत्याशी बनाया है।

> अनुपमा अपनी जीत को लेकर है निश्चित

अनुपमा रावत को क्षेत्र की जनता एक बेटी के रूप में देख रही है और भाजपा उन्हें एक कमजोर प्रत्याशी समझने की भूल कर रही है। अनुपमा रावत को क्षेत्र की जनता ने अपना भरपूर प्यार दिया है। अनुपमा अपनी जीत को लेकर निश्चित है। वहीं दूसरी और भाजपा उन्हें कमजोर प्रत्याशी के रूप में तो देख ही रही थी साथ ही वह अपने प्रचार के दौरान अनुपमा पर कम बल्कि हरिश रावत को ज्यादा निशाना बनाती रही। जिसका सीधा लाभ अनुपमा रावत को मिलता नजर आ रहा है। उत्तराखंड को मातृशक्ति का राज्य कहा जाता है और भाजपा अनुपमा को कमजोर प्रत्याशी समझ मातृशक्ति के अपमान में लगी हुई है। क्षेत्र की महिलाओं का रुझान अनुपमा की ओर है, क्योंकि माहिलाएँ महँगाई, रसाई गैस की कीमतें, दाल,दलहन, तिलहन के महँगा होने का दोषी भाजपा को मान रही है। अनुपमा रावत ने अपने प्रचार-प्रसार के दौरान महँगाई व क्षेत्र के विकास को ही मुद्दा बनाया। जबकि भाजपा धर्म, जाति, भाषा व पूर्व मुख्यमंत्री पर ही आरोप लगाने में ही लगी रही। कांग्रेस ने इस सीट पर अपनी हुई हार से सबक लेते हुए उन अगड़े-पिछड़े लोगों को साथ में मिलाया जो चुनाव का समीकरण बदलते हैं। अनुपमा ने अपने चुनाव प्रचार के दौरान बहुत ही शांत स्वभाव से काम लिया।

## कोविड संदिग्धों को भी मिलेगा मतदान करने का अधिकार

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड विधानसभा के लिए सोमवार को मतदान होने जा रहा है। रविवार शाम तक सभी बूथों पर पोलिंग पार्टियां पहुंच चुकी हैं। मतदान सुबह आठ बजे से शाम छह बजे के बीच होगा। पिछली बार प्रदेश में कुल 65.56 प्रतिशत मतदान हुआ था, इस बार निर्वाचन आयोग के सामने कोविड के चलते मत प्रतिशत बढ़ाने की भी चुनौती होगी। कोरोनाकाल में मतदाताओं को उनके मताधिकार से अलग नहीं किया गया है। उनको भी विधानसभा चुनाव 2022 में वोटिंग करने का पूरा अधिकार रहेगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी सौजन्या के मुताबिक मतदान केंद्र पर प्रत्येक मतदाता का तापमान दर्ज किया जाएगा। यदि किसी का तापमान दो बार मापने पर सामान्य से अधिक आता है तो उन्हें मतदान के आखिरी घंटे में वोट का मौका दिया जाएगा। इसके अलावा सभी केंद्रों पर मतदाताओं को ईवीएम का बटन दबाने से पहले ग्लब्स मिलेगा। साथ ही उनके हाथ भी सेनिटाइज किए जाएंगे।